पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-19.03.2013 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स०	"किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज-बहादुरगंज पी.डब्लू.डी. सड़क (के.बी.रोड) के कन्हैया बाड़ी से रहमतपाड़ा, सोन्या, हल्दीखोड़ा, शीतलनगर, भगाल, शाहपुर, कुट्टी, भवानीगंज होते हुए कमलपुर चौक तक एक महत्वपूर्ण सड़क है, जिसका पांच वर्ष पूर्व निर्माण पी.एम.जी.एस.वाई. के तहत किया गया था किन्तु भारी वाहन के आवागमन के कारण यह सड़क निर्माण के समय से ही टूटने लगी जो अब जर्जर अवस्था में पहुंच गई है । वर्ष 2008 में माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्कालीन सचिव, पी.डब्लू.डी. की अध्यक्षता में उक्त निर्माणाधीन पी.एम.जी.एस.वाई. सड़क की जांच की गई थी । समिति ने भारी वाहन के आवागमन के मद्देनजर इसे पी.डब्लू.डी. में अधिग्रहण की अनुशंसा की थी । साथ ही, कार्यपालक अभियंता, पी.डब्लू.डी. प्रमंडल, किशनगंज ने अपने पत्रांक-33, दिनांक-05.07.11 के द्वारा इस सड़क को पी.डब्लू.डी. में अधिग्रहण करने का प्रस्ताव भेजा है । अत: मैं उक्त सड़क को पी.डब्लू.डी. में अधिग्रहण करने हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूं ।"	पथ निर्माण

1	2	3	4
2.	श्री विनय बिहारी, स०वि०स० श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी, स०वि०स० श्री अरूण शंकर प्रसाद, स०वि०स० श्री प्रेम रंजन पटेल, स०वि०स० श्री संजय सिंह (टाइगर), स०वि०स० श्रीमती वीणा देवी, स०वि०स० श्री ललित कुमार यादव, स०वि०स०	"गौरवशाली बिहार के अतीत को याद करने और वर्तमान में बिहार वासियों के बीच बिहारीपन की भावना जागृत करने के लिए सरकार ने 22 मार्च को प्रत्येक वर्ष बिहार दिवस मनाने का संकल्प लिया । इससे बिहार के लोकप्रिय संस्कृति, लोक कला, लोक गीत, लोक मंच, लोक साहित्य, लोक संगीत, स्थानीय एवं क्षेत्रीय परम्पराएं और लोक रीति को राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर पुन: फैलाने का कार्य शुरू हुआ । साथ ही बिहार के इन विधाओं के कलाकारों को अपने कला को प्रदर्शित करने की उत्कंठा जगी । परन्तु बिहार दिवस में आयोजक, कला एवं संस्कृति विभाग ने बिहार के कलाकारों को अपने कला का प्रदर्शन करने का एक भी अवसर न देकर बाहर के कलाकार सोनू निगम, अलका याग्निक, दलेर मेंहदी, शुभा मुदगल, शोभना नारायण, राजन साजन मिश्रा, माल्विका सरोकाई को वर्ष 2011, 2012 एवं 2013 में अवसर प्रदान किया। अत: बिहार दिवस के अवसर पर बिहार के कलाकारों को पहले अपने कला को प्रदर्शित करने का अवसर देने, फिर बाहर के कलाकारों को अवसर देने के लिए हम सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	कला, संस्कृति एवं युवा

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-21/13- 304 / वि०स०, पटना, दिनांक- 18 मार्च, 2013 ई० ।

प्रति :- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / पथ निर्माण विभाग तथा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

18/3/13
(राजकुमार रजक)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-21/13- 304 / वि०स०, पटना, दिनांक- 18 मार्च, 2013 ई० ।

प्रति :- अवर सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय / निजी सहायक, संयुक्त सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय, प्रभारी सचिव एवं प्रभारी संयुक्त सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

18/3/13
(राजकुमार रजक)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।